दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काज़ी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-२ ला | अंक-५४ वा | सोमवार २४ नवंबर २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रुपये | पन्ने - ४

# पंकजा मुंडे के पीए की डॉक्टर पत्नीने की आत्महत्या

## पति के अवैध संबंधों से तंग आकर किया कृत्य; मायके वालों को हत्या का शक, वरली की घटना में केस दर्ज

**जमीर काजी, मुंबई**

**भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे के निजी सहायक अनंत गर्जे की पत्नी डॉ. गौरी अनंत पालवे-गर्जे ने वरली स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार रात को हुई इस घटना से बीड और महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पति के अवैध संबंधों से तंग आकर शादी के सिर्फ दस महीने बाद ही गौरी ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हालांकि मायके वालों का आरोप है कि गौरी ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या की गई है। उनकी शिकायत पर अनंत गर्जे, उसके भाई और बहन के खिलाफ वरली पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।**

इस घटना से राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया है। शादी के समय पंकजा मुंडे और पूर्व सांसद प्रीतम मुंडे की मौजूदगी वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अंजली डामणिया ने गौरी के परिजनों से मुलाकात कर सवाल उठाया है कि मंत्री पंकजा मुंडे अपने पीए गर्जे पर कार्रवाई क्यों नहीं करवा रही हैं?

अनंत गर्जे (जो पंकजा मुंडे के साथ काम करते हैं) और गौरी पालवे दोनों मूल रूप से बीड जिले के रहने वाले हैं। डेंटिस्ट डॉ. गौरी पालवे नायर अस्पताल में कार्यरत थीं। दोनों की शादी इस साल २ फरवरी को बीड में बड़े धूमधाम से हुई थी। दोनों वरली के एक टावर में ३०वें माले पर रहते थे।

मायके वालों का आरोप है कि करीब अढ़ाई महीने पहले गौरी को पता चला कि अनंत का किसी दूसरी युवती से अवैध संबंध है। उसके बाद से दोनों के बीच लगातार झगड़े हो रहे थे। अनंत उसे गालियां देता था, मारपीट करता था और ससुराल वाले उसका मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न कर रहे थे।

शनिवार रात अनंत जब घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने ३१वें माले पर जाकर रिफ्यूजी एरिया की खिड़की से ३०वें माले के अपने फ्लैट में प्रवेश किया। वहां उसने गौरी को बेडरूम के पंखे से लटकते देखा। उसने गौरी को नीचे उतारा और अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अनंत ने अपने सास-ससुर को फोन किया और वहां से चला गया।

गौरी के माता-पिता और मामा



रात को ही मुंबई पहुंचे और वरली थाने में अनंत व उसके परिवार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दिया।

पोस्टमॉर्टम के लिए शव भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा। फिलहाल आत्महत्या के इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा १०८,

▶▶पान ४ पे

### पंकजा मुंडे की प्रतिक्रिया

मंत्री पंकजा मुंडे ने इस घटना पर प्रेस नोट जारी कर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। इसमें उन्होंने लिखा है: कल २२ नवंबर को शाम ६:३०-६:४५ बजे के आसपास मेरे पीए अनंत का फोन मेरे दूसरे पीए के फोन पर आया। वह बहुत रो रहा था। उसने अत्यंत दुःख और आक्रोश के साथ बताया कि उसकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली है। यह खबर मेरे लिए भी बहुत झकझोर देने वाली थी। मैं चाहती हूं कि पुलिस किसी भी तरह की कार्रवाई में कोताही न बरते और पूरी निष्पक्षता से जांच करे। मैंने पुलिस को भी यही कहा है। गौरी के पिताजी से भी मैंने बात की, वे गहरे दुःख में हैं, यह मैं समझ सकती हूं। ऐसी घटनाएं दिल को चोट पहुंचाती हैं और मन को सुन्न कर देती हैं। किसी के अत्यंत निजी जीवन में क्या चल रहा होता है, यह समझ से परे होता है। अचानक हुई इस दुखद घटना से मैं भी बहुत व्यथित हूं।

# बदामराव और बाळराजे की लोकमान्य जुगलबंदी से

## गेवराई शहर में गीताभाभी पवार सबसे भारी!

गेवराई (प्रतिनिधि)

गेवराई नगर परिषद चुनाव में आम जनता के चहेते बदामराव पंडित और बाळराजे पवार की लोकमान्य जुगलबंदी के चलते भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार सौ. गीताभाभी पवार पूरे शहर में सबसे भारी पड़ रही हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पंडित-पवार परिवार का मनोमिलन होने से दोनों नेताओं के कार्यकर्ताओं और जनता में जबरदस्त उत्साह का संचार हुआ है। गीताभाभी को भारी मतों से जिताने के लिए बदामराव पंडित का पूरा परिवार और उनके कार्यकर्ता दिन-रात एक कर रहे हैं।



२०१४ के विधानसभा चुनाव के समय गेवराई के बदामराव पंडित और बीड के अमरसिंह पंडित परिवार की जो राजकीय गठबंधन हुई थी, उसे अभद्र युती कहकर बदामराव के कार्यकर्ताओं और जनता ने उसका जबरदस्त विरोध किया था। उस नाराजगी का खामियाजा बदामराव को उठाना पड़ा और वे ६० हजार से अधिक मतों के बड़े अंतर से हार गए थे। लोगों का मानना था कि बीड के चालाक पंडितों ने गेवराई के सरल स्वभाव वाले पंडित को अपने साथ लेकर उनका राजनैतिक रास्ता साफ कर लिया। यह गठबंधन बदामराव के कार्यकर्ताओं और जनता को बिल्कुल रास नहीं आया था, और उसकी भारी कीमत उन्हें विधानसभा चुनाव में चुकानी पड़ी थी। बाद में बदामराव को बीड के पंडितों का यह कुटिल खेल समझ में आया।

लेकिन इस हार से बदामराव जरा भी नहीं डगमगाए। सत्ता हो या न हो, उनका जनता दरबार आज भी लगातार चलता है। उनकी लोकप्रियता आज भी बरकरार है। अब भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद पूर्व राज्यमंत्री बदामराव पंडित और युवा नेता बाळराजे पवार के बीच हुए मनोमिलन से पंडित-पवार कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पूरे गेवराई में खुशी की लहर दौड़ गई है। नगर परिषद चुनाव में पंडित-पवार की इस लोकमान्य युती का शहर से

▶▶पान ४ पे

# बीड शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगरपालिका की सत्ता अजितदादा के हाथ में दें - विधायक विजयसिह पंडित

## राष्ट्रवादी उम्मीदवारों के प्रचार के लिए प्रभाग क्र. ४, १४ और १७ में कॉर्नर सभाओं को जबरदस्त जनसमर्थन

बीड, २३ नवंबर (प्रतिनिधि)

बीड शहर में विकास के ढेरों मुद्दे लंबित पड़े हैं। पीने के पानी की समस्या हो या सड़कें और नालियां, कहीं कुछ नहीं हुआ। शहर की हालत बद से बदतर हो चुकी है। लंबे समय से जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। अब शहर के उज्ज्वल भविष्य के लिए बदलाव की जरूरत है।

राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं बीड जिले के पालकमंत्री माननीय अजितदादा पवार ही एकमात्र नेता हैं जो शहर के विकास को गति दे सकते हैं। बीड को बारामती जैसा स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगरपालिका की सत्ता

▶▶पान ४ पे



# सांसद बजरंग सोनवणे के लगातार प्रयासों से तीन सड़कों के लिए ४० करोड़ रुपये का फंड मंजूर

## महत्वपूर्ण सड़कों का मुद्दा हल, सांसद सोनवणे ने गडकरी जी का जताया आभार

बीड : बीड जिले में सड़कों का मजबूत जाल बिछे, गुणवत्तापूर्ण सड़कें बनें और यातायात को गति मिले, इसके लिए सांसद बजरंग सोनवणे निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उनके लगातार पाठपुराव के चलते केंद्रीय सड़क एवं आधारभूत संरचना निधि (उठखऋ) योजना के तहत जिले की तीन सड़कों के लिए ४० करोड़ रुपये की राशि मंजूर हुई है। इससे महत्वपूर्ण सड़कों का लंबित मुद्दा हल होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को नई गति मिलेगी।



बीड जिले के विकास के लिए सांसद बजरंग सोनवणे अथक मेहनत कर रहे हैं। रेलवे, हवाई अड्डे के साथ-साथ जिले की सड़कों का सुधार, गुणवत्तापूर्ण काम और अधूरे पड़े कार्यों को पूरा कराने के लिए वे बार-बार केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी से मुलाकात कर पक्का पाठपुरावा करते रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप निम्नलिखित कार्यों के लिए फंड मंजूर हुआ है:

उंदरी-जानेगाव-कुंभफल-येडेश्वरी शुगर फैक्ट्री से रामा ६४ सड़क सुधार कार्य - २० करोड़ रुपये

आपेगाव-कारण-पिंपरी-निमगाव-आर्वी-पाडळी-रायमोहा-तांबाराजुरी रामा ६२ सड़क सुधार - १० करोड़ रुपये

अंबाजोगाई-मांडवा-मांडखेल-नात्रा-कोडगाव रामा २३५ पर नाली, संरक्षण दीवार एवं पुल निर्माण - १० करोड़ रुपये

इन सड़कों के लिए सांसद सोनवणे ने स्वयं

▶▶पान ४ पे

# जयदत्त क्षीरसागर व बदामराव की मुलाकात

## क्या गेवराई न.पा. चुनाव के लिए थी?



काझी अमान / गेवराई

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और वर्तमान में सक्रिय राजनीति से दूर रहने वाले जयदत्त अण्णा क्षीरसागर ने ठीक गेवराई नगर परिषद चुनाव के माहौल के बीच रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व राज्यमंत्री बदामराव पंडित के निवास स्थान पर जाकर उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात ने गेवराई शहर और पूरे तालुका में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। लोग तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं कि क्या यह मुलाकात युवा नेता बाळराजे पवार और बदामराव पंडित की युति में बाळराजे के नेतृत्व वाली भाजपा की पैनल को ओबीसी समाज का समर्थन दिलवाने के मकसद से तो नहीं थी?

दरअसल, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री आदरणीय अजित दादा पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने कुछ समय पहले बीड नगर परिषद चुनाव की कमान पूर्व मंत्री जयदत्त अण्णा क्षीरसागर के भतीजे तथा बीड के पूर्व नगराध्यक्ष डॉ. भारतभूषण क्षीरसागर के पुत्र डॉ. योगेश क्षीरसागर के हाथ में सौंपी थी। लेकिन सीट बंटवारे को लेकर शिवछत्रपति परिवार और क्षीरसागर खेमे में गहरे मतभेद हो गए। नतीजतन, पार्टी ने कमान राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अमरसिंह पंडित तथा गेवराई विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजयसिंह पंडित को सौंप दी। इससे नाराज डॉ. योगेश क्षीरसागर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने बीड नगर परिषद चुनाव के लिए भाजपा का पूरा पैनल खड़ा कर दिया।

इसी बीच रविवार, २३ नवंबर २०२५ को दोपहर में पूर्व मंत्री जयदत्त अण्णा क्षीरसागर ने अचानक गेवराई स्थित बदामराव पंडित के घर जाकर उनसे मुलाकात की।

▶▶पान ४ पे

# अजितदादा का आज का व्यापारी मेलावा और जनसभा

## राष्ट्रवादी की जीत की दस्तक बनेगी-शेख निजाम

बीड (प्रतिनिधि)

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री, बीड जिले के पालकमंत्री तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अजितदादा पवार की उपस्थिति में आज २४ नवंबर को बीड में व्यापारी मेलावा और विशाल जनसभा होने जा रही है। दादा की मौजूदगी में होने वाला यह मेलावा और जनसभा राष्ट्रवादी कांग्रेस की जीत का शंखनाद साबित होगी, ऐसा विश्वास राष्ट्रवादी कांग्रेस अल्पसंख्यांक विभाग के जिलाध्यक्ष शेख निजाम ने व्यक्त किया है। उन्होंने सभी से आज होने वाली सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील भी की है।



बीड नगरपालिका चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस, शिवसेना और शिवसंग्राम (मित्र पक्ष) की संयुक्त नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार श्रीमती प्रेमलताताई पारवे सहित शहर के २६ प्रभागों के ५२ नगरसेवक पदों के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अजितदादा पवार सोमवार २४ नवंबर को बीड दौरे पर आ रहे हैं।

अजितदादा की उपस्थिति में आज शाम ६ बजे माँ वैष्णव पैलेस में व्यापारी मेलावा और शाम ७ बजे सिद्धिविनायक कॉम्प्लेक्स परिसर में

▶▶पान ४ पे

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वो साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# मुस्लिम समाज ने ‘विनर’ उमेदवार को प्राधान्य देणा चाहिए ; समाज की इच्छा

## पक्षभेद, मतभेद,भुल कर योग्य उमेदवार ‘विनर’करना वक्त की जरूरत

एम एजाज जिंतूरकर

जिंतूर:-- नगर परिषद चुनाव के लिये! २ डिसेंबर २०२५ को मतदान होना हैं! इस बार नगराध्यक्ष पद ये ओपन के लिये हैं! गत नगर परिषद चुनाव में नगराध्यक्ष पद ये ओपन महिला के लिये! आरक्षित रहा था! जिस मे सबिहा बेगम कफील फारूकी ने जित हासील की थी! जिंतूर शहर में मुस्लिम मतदार सब से अधिक हैं! मुस्लिम समाज निर्णायक भूमिका में हैं! मुस्लिम समाज जिस के पिछे खडा होता हैं! वो ही नगराध्यक्ष विनर रहेता है! जिस के लिये! जिंतूर नगर परिषद चुनाव में भाजपा, राष्ट्रवादी काँग्रेस अ प गट, और कांग्रेस पक्ष के नेता और नगराध्यक्ष पद के उमेदवार ये मुस्लिम समाज को लुभाने का प्रयास करते दिखाई दे रहे है! जिंतूर शहर में मुस्लिम समाज के मतदाता वो की संख्या अधिक होने से मुस्लिम समाज नगराध्यक्ष पद की उमेदवारी हमेशा से ही करता आ रहा है! महाराष्ट्र शासन ने गत नगर परिषद चुनाव से नगराध्यक्ष जनता में से चुनने का निर्णय लिया! और आदेश भी पारित किया! जिस के चलते गत नगर परिषद चुनाव में नगराध्यक्ष जनता में से ही चुना गया था! और नगराध्यक्ष ओपन महिला आरक्षित जगाह से राष्ट्रवादी काँग्रेस अ प गट की सबिहा बेगम कफील फारूकी ने रिकार्ड ब्रेक जित हासील की थी! इस बार नगर परिषद नगराध्यक्ष पद के लिये! मुस्लिम समाज की ओर से सभी राजकीय पक्षो से गुहार लागाई गाई मगर राष्ट्रवादी काँग्रेस अ प गट ने नगराध्यक्ष पद का उमेदवार घोषित करने में देर लगाई तो काँग्रेस पक्ष ने पहले नगराध्यक्ष पद के उमेदवार इस्माईल पहेलवान के नाम की घोषणा की तो तुरंत राष्ट्रवादी काँग्रेस अ प गट के नेता मा आ विजय भांबळे ने तुरंत ढाई बजे पत्रकार परिषद लेकरं मुस्लिम समाज की मा नगराध्यक्षा सबिहा बेगम कफील फारूकी के नाम की घोषणा की अब नगराध्यक्ष पद एक और नगराध्यक्ष पद के दो मुस्लिम समाज के उमेदवार जिस के चलते मुस्लिम समाज अब दुविधा में किस को नगराध्यक्ष पद का ताज पहेना ऐ समाज के उच्च शिक्षीत,प्रतिष्ठीत, युवा वो को चिंता हो रही हैं! के अगर मुस्लिम समाज के वोट बिखर ना जाये!

विनर फार्मुला ही समाज का आधार

मुस्लिम समाज स्पष्ट सुर हैं! के भावनिक मतदान नको वास्तविक मतदान होना चाहिए! वोटो से मजबूत दुरद्रुष्टी संघटन शक्ती वाला जनता में स्विकारहार्ता और सिधा सिधा जित हासील करने की क्षमता रखने वाले उमेदवार के पिछे अपनी शक्ती खडे करे ना के वोट खराब करनेवाले उमेदवार के पिछे अपना अपना वोट जाया करे! आज वक्त का तकाजा हैं! के मतभेद पक्षभेद बाजु रख कर वस्तुस्थिती देख कर विनर के पिछे ताकद खडी करे ऐसी भावना जनसामान्योकी हो रह रही है!

## राष्ट्रवादी के आवेज शरीफ और किशोर कांडेकर को मोमिनपुरा से सबसे बड़ी लीड मिलेगी-आ.विजयसिंह पंडित

गेवराई, (काझी अमान) – पूर्व मंत्री शिवाजीराव (दादा) पंडित के संस्कारों से ही शिवछत्र परिवार ने सर्वधर्म समभाव की राजनीति की है। आदरणीय दादा का वारसा भैय्यासाहेब और हम आगे बढ़ा रहे हैं। गेवराई शहर के मोमीनपुरा इलाके के मतदाता भाइयों ने हमेशा शिवछत्र परिवार का साथ दिया है। इसलिए इस नगर परिषद चुनाव में नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार श्रीमती शीतलताई महेश अण्णा दाभाडे सहित प्रभाग क्रमांक ६ के उम्मीदवार तथा मुहम्मद आवेज शरीफ की मातोश्री श्रीमती जाकेरा बेगम इस्माईल शरीफ और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के तालुका अध्यक्ष किशोर कांडेकर की धर्मपत्नी श्रीमती वैशाली किशोर कांडेकर को मोमिनपुरा इलाके से सबसे ज्यादा लीड मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए, मोमिनपुरा इलाके का विकास करने के लिए राष्ट्रवादी के नगराध्यक्ष पद के उम्मीदवारों सहित सभी नगरसेवक पद के उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील आ. विजयसिंह पंडित ने की।

गेवराई नगर परिषद चुनाव में नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार श्रीमती शीतल महेश दाभाडे तथा प्रभाग क्र. ६ की उम्मीदवार श्रीमती वैशाली किशोर कांडेकर व जाकेरा बेगम इस्माईल शरीफ के प्रचार के लिए आ. विजयसिंह पंडित ने रविवार को प्रचार रैली निकाली और मतदाताओं से मुलाकात की। इस मौके पर आवेज शरीफ, किशोर कांडेकर, सय्यद





वसीयुद्दीन, सय्यद असरारुद्दीन, हाफिज अब्दुल गनी साहब, सय्यद मोबीनुद्दीन, मसाया, सय्यद हसीब सेठ, सय्यद नसीरुद्दीन, शेख नदीम, जफर भाई, अख्तर शेख, मोहसीन शेख, मोमिन जुनैद सहित राष्ट्रवादी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस दौरान मोमिनपुरा इलाके के मतदाताओं से संवाद करते हुए आ. विजयसिंह पंडित ने आगे कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री माननीय अजितदादा पवार के नेतृत्व में काम करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस ने मुस्लिम समाज को हमेशा न्याय देने की कोशिश की है। गेवराई शहर में सभी सुविधाओं से युक्त, अत्याधुनिक भव्य शादीखाना बनने से गरीब परिवारों के लाखों रुपये बचेंगे, मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान को सुरक्षा दीवार का निर्माण किया गया है, मुस्लिम समाज के अन्य सवाल भी आने वाले समय में हल किए जाएंगे। जाति-धर्म की राजनीति करके वोट मांगने वालों को उनकी औकात दिखाएं और आगामी २ दिसंबर को घड़ी चिन्ह के सामने का बटन दबाकर नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार श्रीमती शीतलताई दाभाडे, प्रभाग क्रमांक ६ की उम्मीदवार जाकेरा बेगम, श्रीमती वैशाली कांडेकर सहित सभी नगरसेवक पद के उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील उन्होंने की।

इस मौके पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। आ. विजयसिंह पंडित की प्रचार रैली को प्रभाग क्र. ६ के मतदाताओं ने स्वतःस्फूर्त प्रतिसाद देते हुए राष्ट्रवादी के सभी उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## प्रभाग क्र. १२ के विकास और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के लिए

### युवा, तड़पदार और समाजसेवी सय्यद तोफिक तुतारी को भारी मतों से विजयी बनाएं, आतिक पठाण, शेख फेरोज भाई, शेख तोफीक एवं माजलगांव के नागरिकों की अपील

(रिपोर्ट : माजलगांव शेख मुजफ्फर)

युवा, जोशील और दुःख-सुख में हमेशा आगे रहने वाला चेहरा सय्यद तोफिक जिन्होंने मोर्चे, उपोषण, आंदोलन, अर्जनिवेदन के जरिए नागरिकों के प्रश्न सुलझाए और उन्हें न्याय दिलाया। माजलगांव तालुका तथा बीड जिले में अपनी अलग पहचान बना चुके सय्यद तोफिक को प्रभाग क्रमांक १२ से सभी साधारण हिंदूमुस्लिम, दलित, गरीब और आम नागरिकों से माजलगांव नगरपरिषद चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने की मांग शेख तोफिक सहित शहर के अनेक नागरिक कर रहे हैं।



कारण यह है कि पिछले दसपंद्रह वर्षों से विभिन्न दलों व संगठनों के माध्यम से यह युवा सय्यद तोफिक ने न केवल वार्डप्रभाग और शहर में, बल्कि पूरे माजलगांव तालुका तथा बीड जिले में आंदोलनों के जरिए अपनी पहचान बनाई है। भूमिहीन, गरीब, दिहाड़ीमजदूर, कष्टकरी और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया, उनके हर सवाल पर डटकर साथ खड़े रहे और काम करवाकर दिखाया। इसीलिए माजलगांव शहर और प्रभाग क्रमांक १२ का चेहरा बदलने तथा तेजी से विकास करने के लिए सय्यद तोफिक को अधिकतम मतों से विजयी बनाएं। आने वाले समय में भी प्रभाग और शहर का बड़े पैमाने पर विकास हो, सभी आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं तथा शासकीय योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए इस युवा और जोशीले चेहरे सय्यद तोफिक को नगरपरिषद में भेजें।

यह मांग और अपील शेख तोफिक, शेख फेरोज भाई सहित माजलगांव शहर के अनेक नागरिक प्रभाग क्रमांक १२ के मतदाताओं से कर रहे हैं।

## रागिब अहमद को मिला प्रतिष्ठित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री स्टेट लेवल लोकसेवा अवॉर्ड २०२५’

जलगांव, २३ नवंबर २०२५ (तामीर प्रतिनिधि):

समाज सेवा के क्षेत्र में अपने अथक प्रयासों और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित योगदान के सम्मान में जलगांव के प्रमुख समाजसेवी रागिब अहमद को 'पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री स्टेट लेवल लोकसेवा अवॉर्ड २०२५' से नवाजा गया। यह सम्मान आदिल शाह बहु उद्देशीय संस्था, जलगांव द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया, जो सामाजिक जागरूकता और सेवा के प्रति समर्पण को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।




समारोह डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर कार्यालय के अल्प बचत भवन में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय नेता, अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित थे। अवॉर्ड का वितरण एडवोकेट सलीम पटेल ने किया, जो स्वयं सामाजिक न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। एडवोकेट सलीम पटेल ने रागिब अहमद को सम्मानित करते हुए कहा, रागिब अहमद का कार्य पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' के सिद्धांतों को साकार करता है। उनका समाज सेवा में योगदान न केवल जलगांव बल्कि पूरे महाराष्ट्र के लिए प्रेरणादायक है।

रागिब अहमद का योगदान: एक नजर

रागिब अहमद, जो जलगांव जिले के एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता हैं, पिछले दो दशक से अधिक समय से विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय हैं। स्पर्धा परीक्षा अभ्यास केंद्र के माध्यम से अल्पसंख्यक समाज के नौजवानों को सरकारी नौकरियों में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे है।

आदिल शाह बहु उद्देशीय संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि यह अवॉर्ड हर साल उन व्यक्तियों को दिया जाता है जो राज्य स्तर पर लोकसेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। इस वर्ष प्राप्तकर्ताओं का चयन एक स्वतंत्र समिति द्वारा नामांकनों के आधार पर किया गया था। संस्था के अनुसार, रागिब अहमद को यह सम्मान उनके 'समावेशी विकास' के दृष्टिकोण के लिए प्रदान किया गया है। रागिब अहमद ने अवॉर्ड ग्रहण करने के पश्चात कहा , यह सम्मान मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी साथियों की मेहनत का फल है जो समाज के अंतिम छोर पर खड़े लोगों के लिए कार्यरत हैं। मैं वचन देता हूं कि आगे भी सेवा का मार्ग नहीं छोड़ूंगा। यह अवॉर्ड न केवल रागिब अहमद के प्रयासों को मान्यता देता है, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने का एक संदेश भी देता है।

पान १ वरून

**पंकजा मुंडे के पीए की डॉक्टर...**

८५, ३५२ और ३५१(२) के तहत केस दर्ज किया गया है। अनंत गर्जे, उसकी बहन शीतल गर्जे-आंधळे और जीजा अजय गर्जे के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। इन तीनों पर उत्पीड़न, अपमान और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है।

अनंत गर्जे अभी फरार है। पुलिस को दिए अपने शुरुआती बयान में उसने कहा है कि घटना के समय वह घर पर नहीं था। घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। डर के मारे ३१वें माले की खिड़की से ३०वें माले पर आया तो गौरी फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। उसने उसे उतारा और अस्पताल ले गया।

एक महीने में बीड की दो डॉक्टर बेटियों की मौत

पिछले एक साल से लगातार चर्चा में रहे बीड जिले की दो डॉक्टर बेटियों की एक ही महीने में मौत हो गई। फलटण उपजिला अस्पताल की डॉ. संपदा मुंडे की आत्महत्या से हड़कंप मच गया था। उसके बाद अब डॉ. गौरी पालवे (इस खबर में) की आत्महत्या से फिर बीड जिला सुर्खियों में है। दोनों मामलों में परिजनों ने आत्महत्या नहीं, हत्या होने का आरोप लगाया है।

-----

**बदामराव और बाळराजे की...**

लेकर तालुका तक हर तरफ स्वागत हो रहा है।

गीताभाभी बाळराजे पवार की जीत के लिए पूर्व राज्यमंत्री बदामराव पंडित, उनकी पत्नी सौ. गिरीजाबाई पंडित, सुपुत्र एवं बीड जिला परिषद के पूर्व अर्थ-बांधकाम सभापति युधाजित पंडित, यशराज पंडित, भतीजा रोहित पंडित सहित पूरा पंडित परिवार और उनके सैकड़ों कार्यकर्ता रात-दिन मेहनत कर रहे हैं। इससे विरोधियों के पैरों तले जमीन खिसक गई है और उन्हें यह चुनाव बेहद मुश्किल लगने लगा है।

नतीजा यह कि गेवराई नगर परिषद चुनाव में गीताभाभी पवार हर किसी पर भारी पड़ती दिख रही हैं।

-------

**बीड शहर को स्वच्छ और सुंदर...**

अजितदादा के हाथ में सौंपें। मैं वचन देता हूं कि विकास के लिए वे कभी धन की कमी नहीं होने देंगे।

राष्ट्रवादी कांग्रेस एवं मित्र पक्ष की नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार श्रीमती प्रेमलताताई पारवे सहित सभी नगरसेवक उम्मीदवारों को घड़ी चिह्न के सामने का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं और पालकमंत्री अजितदादा पवार को विकास कार्यों में पूरा साथ दें। यह अपील विधायक विजयसिंह पंडित ने प्रभाग क्र. ४, १४ और १७ में आयोजित कॉर्नर सभाओं में की। तीनों प्रभागों में हुई इन सभाओं को मतदारों ने स्वतःस्फूर्त और भारी समर्थन दिया। कार्यकर्ताओं और मतदारों ने चुनाव को हाथों-हाथ लिया है, जिससे बीड शहर में राष्ट्रवादी कांग्रेस-शिवसेना-शिवसंग्राम गठबंधन का पलड़ा पूरी तरह भारी हो गया है।

इन सभाओं का आयोजन निम्न उम्मीदवारों के प्रचार के लिए किया गया था:

प्रभाग ४-अ : सौ. वैष्णवी रामसिंग टाक

प्रभाग ४-ब : सौ. लताबाई धोंडीराम हातागळेंशश्रीळेपीहळ

प्रभाग १४-अ : प्रमोद गोरख शिंदे

प्रभाग १४-ब : सौ. आरती बनसोडे

प्रभाग १७-अ : एड. महेश अर्जुन धांडे

प्रभाग १७-ब : शेख शबनम बिलाल

मंच पर पूर्व नगराध्यक्ष मोईन मास्टर, पूर्व नगरसेवक दिलीप गोरे, शेख निजाम, सावता परिषद के संस्थापक अध्यक्ष कल्याण आखाडे, फारूक पटेल, शेख मुजीब, शेख खजीर, पुरुषोत्तम वीर, रामसिंग टाक, पांडुरंग आवारे, विनोद हातांगळे, विजय चांदणे, गणेश गायकवाड, अण्णा थोरात, अशफाक इनामदार, शाहेद पटेल सहित राष्ट्रवादी एवं मित्र पक्षों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विभिन्न प्रभागों के उम्मीदवार उपस्थित थे।

विधायक विजयसिंह पंडित ने तीनों प्रभागों में तूफानी दौरा कर मतदारों से सीधा संवाद किया। हर जगह मतदारों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा,

अजितदादा के पालकमंत्री बनते ही जिले को विकास के लिए भरपूर निधि मिली है। बीड रेलवे के लिए भी दादा ने निधि मंजूर की है। लेकिन शहर की हालत वर्षों से खराब है। आठ-आठ दिन पानी नहीं आता, सड़कें टूटी हुई हैं, नालियां नहीं बनीं तो सड़कों पर दुर्गंध फैली रहती है, कचरे के ढेर और गंदगी बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। जिन्होंने अब तक सत्ता भोगी, उन्होंने जानबूझकर इन समस्याओं की अनदेखी की। अब बदलाव का समय आ गया है। सभी धर्मों में समभाव और लंबित समस्याओं के समाधान के लिए प्रेमलताताई पारवे सहित सभी उम्मीदवारों को घड़ी चिह्न पर वोट देकर विजयी बनाएं और बीड नगरपालिका की सत्ता एकछत्र राष्ट्रवादी के हाथ में सौंपें।

इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक दिलीप गोरे, फारूक पटेल, भागवत तावरे आदि ने भी भाषण कर विरोधियों की खूब खबर ली और मतदारों से बदलाव के लिए अपील की। कॉर्नर सभाओं में राष्ट्रवादी एवं मित्र पक्षों के पदाधिकारी-कार्यकर्ता एवं मतदाता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

-----------

**जयदत्त क्षीरसागर व बदामराव...**

इस मौके पर बदामराव पंडित के साथ बीड जिला परिषद के पूर्व अर्थ एवं बांधकाम सभापति युधाजित पंडित, पूर्व नगरसेवक सय्यद इजहारोद्दीन तथा भाजपा के कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे। बैठक में ठीक-ठीक क्या बातचीत हुई, इसकी जानकारी बाहर नहीं आ सकी है।

सक्रिय राजनीति से दूर रहने वाले पूर्व मंत्री जयदत्त अण्णा क्षीरसागर का गेवराई नगर परिषद चुनाव के ठीक मध्य में बदामराव पंडित से अचानक मिलना लोगों को खासा अर्थपूर्ण लग रहा है। पूरे शहर और तालुके में यही चर्चा है कि क्या बाळराजे पवार व बदामराव की युति में बाळराजे के नेतृत्व वाली भाजपा पैनल को ओबीसी समाज का मजबूत समर्थन दिलवाने के लिए ही जयदत्त अण्णा यह कदम उठा रहे हैं? यही सवाल इस समय हर जुबान पर है।

---------

**सांसद बजरंग सोनवणे के लगातार ...**

केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी को पत्र देकर मुलाकात की थी। अब केंद्रीय उठखऋ योजना के तहत ४० करोड़ रुपये की मंजूरी मिलने से बीड जिले की इन महत्वपूर्ण सड़कों के उन्नयन एवं विकास कार्यों को तेज गति मिलेगी।

इस सकारात्मक फैसले के लिए सांसद बजरंग सोनवणे ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितीन गडकरी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिले की इन तीनों सड़कों की अत्यंत आवश्यकता थी और कई वर्षों से सुधार की मांग उठ रही थी। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस मुद्दे को लगातार उठाया और आखिरकार फंड मंजूर हो गया। अब इन सड़कों का प्रश्न पूरी तरह मार्गी लगने वाला है।

------

**अजितदादा का आज का ...**

विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। इस मेलावे और जनसभा के माध्यम से जिले के पालकमंत्री के रूप में अजितदादा बीड शहर के सर्वांगीण विकास का खाका और संकल्प जनता के सामने रखेंगे। बीड शहर को बारामती की तरह विकसित करने की दिशा में यह सभा बेहद महत्वपूर्ण साबित होने वाली है।

दादा की मौजूदगी में होने वाला यह मेलावा और जनसभा बीड में राष्ट्रवादी कांग्रेस की नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार प्रेमलताताई पारवे तथा ५२ नगरसेवक उम्मीदवारों की जीत की दस्तक बनेगी।

इस सभा में बीड शहर के सभी व्यापारी, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें, ऐसी अपील अल्पसंख्यांक विभाग के जिलाध्यक्ष शेख निजाम ने की है।

------

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com